प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

चुनाव नतीजे

प्रदेश में शहरी निकायों के चुनावी नतीजों पर कांग्रेस व भाजपा ने अपनी–अपनी जीत के दावे किए हैं। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि शहरी निकायों में कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली है। उन्होंने कहा कि इन चुनावी नतीजों से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करारा जवाब दिया है। उन्होंने इस जीत के लिए भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

दूसरी ओर, कांग्रेस का कहना है कि नगर पंचायत व नगर परिषदों में पार्टी की एकतरफा जीत हुई है। कांग्रेस संगठन के प्रदेश महासचिव विनोद ज़िंटा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने 47 में से 31 नगर परिषद व नगर पंचायतों में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के इस सेमिफाइनल में कांग्रेस पार्टी का शानदार प्रदर्शन रहा है।

..................................................................................

पीयूष गोयल

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज नई दिल्ली में 'भारत व्यापार महोत्सव' की वेबसाइट लॉन्च करते हुए, गोयल ने कहा कि आगे बढ़ने का उत्साह कभी कम नहीं होना चाहिए और सभी को बिना थके लगातार काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति भारत के उद्योगों, व्यापारिक समुदाय और लोगों में जज़्बा इतना मजबूत है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को रोक नहीं सकती। पीयूष गोयल ने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है और निर्यात भी बढ़ रहा है।

..................................................................................

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने समाज के सभी लोगों से पर्यावरण असंतुलन, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य जागरूकता की कमी और नशे जैसी सामाजिक बुराई को दूर करने में सक्रिय योगदान देने का आहवान किया है। उन्होंने जम्मू में एक कार्यक्रम में पंजाब, हिमाचल और दिल्ली से आए प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से ही इन समस्याओं का समाधान संभव नहीं है और इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रभावी नेतृत्व

किसी पद पर आसीन होना नहीं, बल्कि लोगों को साथ लेकर चलना, समाज की आवश्यकताओं को समझना और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनना है।

.........................................................................................

मुख्यमंत्री—बधाई

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज तिरूवनंतपुरम में केरलम् के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने वी.डी. सतीशन को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में केरलम् विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की नई ऊंचाईयों को हासिल करेगा।

.........................................................................................

सैहब सोसायटी

राजधानी शिमला में सैहब सोसायटी से जुड़े सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का आज चौथा दिन है। इस हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और शहर में जगह—जगह कूड़े के ढेर पड़े हुए हैं। सैहब सोसायटी के कर्मचारियों ने शिमला में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। सैहब सोसायटी कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष अमित भाटिया ने कहा कि सोसायटी के लगभग 8 सौ कर्मचारी 10 फीसदी वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, ये अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी।

.........................................................................................